KANNAUJ POLICE

दिनाँकः 14 मई 2026 थाना कोतवाली कन्नौज

थाना कोतवाली कन्नौज पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अन्दर हत्या करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक कन्नौज विनोद कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे, अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज अजय कुमार के कुशल निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी सदर कन्नौज कुलवीर सिंह के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी कोतवाली कन्नौज जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा आज दिनांक 13.05.2026 को थाना कन्नौज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 268/2026 धारा 105 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त वसीद मुल्ला उर्फ वसीर पुत्र भज्जु उर्फ अमीनु दादा निवासी पछाय शेखाना थाना व जिला कन्नौज को गिरफ्तार किया गया तथा घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त एक अदद गमछा बरामद किया गया।

➢संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 13.04.2026 को वसीद मुल्ला उर्फ वसीर द्वारा वादी के पिता निजामुद्दीन से लड्डू मांगने को लेकर झगड़ा कर मारपीट कर पटक देना व गमछा गले में कसकर व गमछा से घसीटना जिससे उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाने पर डाक्टर द्वारा आवेदक के पिता को मृत घोषित कर देने के सम्बन्ध मे मृतक के पुत्र मोईनुद्दीन द्वारा मु0अ0सं0 268/2026 धारा 105 बी0एन0एस0 पंजीकृत कराया गया था।

➢ गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :-

वसीद मुल्ला उर्फ वसीर पुत्र भज्जु उर्फ अमीनु दादा निवासी मोहल्ला पछाय शेखाना थाना व जिला कन्नौज उम्र करीब 54 वर्ष।

➢ बरामदगी विवरण:-

हत्या में प्रयुक्त एक अदद गमछा (आलाकत्ल)

➢ गिरफ्तार करने वाली :-:-

1. प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह थाना कोतवाली कन्नौज
2. अतिरिक्त निरीक्षक राधेश्याम थाना कोतवाली कन्नौज
3. का0 प्रमोद कुमार थाना कोतवाली कन्नौज
4. रि0का0 सचिन कुमार थाना कोतवाली कन्नौज

उत्तर प्रदेश पुलिस